उत्तर प्रदेश {सहकारी ग्राम विकास बैंक} अधिनियम, 1964

{उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 16, 1964}

THE UTTAR PRADESH SAHAKARI GRM VIKAS BANK ACT, 1964

[U. P. Act No. XVI of 1964]

उत्तर प्रदेश {सहकारी ग्राम विकास बैंक}[4] अधिनियम, 1964[1]

{उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 16, 1964}

उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27, 1978
उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 3, 1979, द्वारा संशोधित

उत्तर प्रदेश विधान सभा ने दिनांक 13 अप्रैल, 1964 ई0 तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद ने दिनांक 6 मई, 1964 ई0 की बैठक में स्वीकृत किया।

''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 201 के अन्तर्गत राष्ट्रपति ने दिनांक 9 जुलाई, 1964 ई0 को स्वीकृति प्रदान की तथा उत्तर प्रदेशीय सरकारी असाधारण गजट में दिनांक 20 जुलाई, 1964 ई0 को प्रकाशित हुआ।

उत्तर प्रदेश राज्य में {सहकारी ग्राम विकास बैंकों}[4] के कार्य–संचालन की सुकर बनाने के लिये

अधिनियम

प्रस्तावना

यह इष्टकर है कि {उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक}[5] के कार्य संचालन और राज्य में {सहकारी ग्राम विकास बैंक}[5] के निर्माण तथा उसके कार्य–संचालन को और सुकर बनाया जाय;

अतएव भारतीय गणतंत्र के पन्द्रहवें वर्ष में निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है:–

संक्षिप्त शीर्षनाम प्रसार और आरम्भ

1––(1) यह अधिनियम {उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक}[4] अधिनियम, 1964 कहलायेगा।

(2) इसका प्रसार समस्त उत्तर प्रदेश में होगा।

(3) यह उस दिनांक से प्रचलित होगा, जिसे राज्य सरकार, सरकारी गजट में विज्ञप्ति* द्वारा तदर्थ निश्चित करे।

परिभाषायें

2–– विषय या प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न होने पर, इस अधिनियम में :–

(क) ''मण्डल'' का तात्पर्य {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[4] के निदेशक मण्डल से है,

(ख) ''उप–विधियों'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश में तत्समय प्रचलित को आपरेटिव सोसाइटीज ऐक्ट के अधीन निबंधित उप–विधियों से है और इसके अन्तर्गत उप–विधियों का कोई निबंधित संशोधन भी है,

(ग) ''{सहकारी ग्राम विकास बैंक''}[4] का तात्पर्य उत्तर प्रदेश में तत्समय प्रचलित को–आपरेटिव सोसाइटीज ऐक्ट के अधीन निबंधित किसी ऐसी सहकारी समित से है जो राज्य भूमि–विकास बैंक के सदस्य के रूप में स्वीकृत की गयी हो और जिसका मुख्य उद्देश्य अपने सदस्यों को, {सामान्यतया कृषि और ग्रामीण विकास के लिए, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में आवास या भवन निर्माण भी है}[3] {अचल संपत्ति के बंधक या {चल सम्पत्ति की गिरवी पर}[3] या राज्य सरकार की बिना शर्त प्रत्याभूति पर}[2] ऋण देना हो,

---

1. उद्देश्यों और कारणों के विवरण के लिये कृपया दिनांक 3 अप्रैल, 1964 ई. का सरकारी असाधारण गजट देखिये।

   * यह अधिनियम 15 अगस्त, 1964 से प्रवृत्त हुआ, अधिसूचना सं. 4568 सी/बारह –सी–ए–1150/63 दिनांक 13 अगस्त, 1964 देखे।

2. उ. प्र. अधिनियम संख्या 27, 1978 के धारा 2(एक) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 16 वर्ष 1989 की धारा 5 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उत्तर प्रदेश अधिनियम सं0 19 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 3 तथा 4 द्वारा प्रतिस्थापित।

(घ) ''प्रबंध समिति'' का तात्पर्य किसी {ग्राम विकास बैंक}[4] के उस शासी निकाय से है जिसे उसके कार्यों का प्रबन्ध सौंपा गया हो,

(ङ) ''अधिकारी'' के अन्तर्गत सभापति, सचिव, कोषाध्यक्ष, मण्डल या प्रबंधक समिति का सदस्य या ऐसा अन्य व्यक्ति भी है जिसे निगमों या उपविधियों के अधीन {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[3] या किसी {ग्राम विकास बैंक}[4] के कार्य के संबंध में निदेश देने का अधिकार प्राप्त हो,

(च) ''नियत'' का तात्पर्य इस अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों द्वारा नियत से है,

(छ) ''नियमावली'' का तात्पर्य इस अधिनियम के अधीन बनायी गयी नियमावली से है,

(ज) ''निबन्धक'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश में तत्समय प्रचलित को–आपरेटिव सोसाइटीज ऐक्ट के उपबन्धों के अधीन उत्तर प्रदेश राज्य के लिये सहकारी समितियों के निबन्धन के रूप में राज्य सरकार द्वारा नियुक्त व्यक्ति से है,

(झ) ''विनियम'' का तात्पर्य इस अधिनियम के अधीन मंडल बनाये गये विनियमों से है,

(ञ) ''{उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[3] या ''{उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक}[3] का तात्पर्य उत्तर प्रदेश में तत्समय प्रचलित को–आपरेटिव सोसाइटीज ऐक्ट के अधीन निबन्धित किसी ऐसी सहकारी समिति से है, जिसका कार्य–क्षेत्र समस्त उत्तर प्रदेश में हो और जो किसी {ग्राम विकास बैंक}[4] का कार्य कर रही हो और जो {उसके सदस्यों के कार्य}[1] का सुकर बनाती हो,

(ट) ''राज्य सरकार'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सरकार से है,

(ठ) ''न्यासधारी'' तात्पर्य इस अधिनियम की धारा 4 में अभिदिष्ट न्यायधारी से है।

{ग्राम विकास बैंकों}[4] की संख्या

3–– समस्त उत्तर प्रदेश के लिए एक से अधिक {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[3] नहीं होंगे और {ग्राम विकास बैंक}[4] हो सकते हैं, जितने निबन्धक द्वारा आवश्यक समझे जायें।

न्यासधारी की नियुक्ति तथा उसके अधिकार और कृत्य

4–– (1) निबन्धक मंडल द्वारा जारी किये गये ऋण–पत्रधारियों के प्रति राज्य {ग्राम विकास बैंक}[4] के दायित्वों की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए न्यासधारी होगा।

(2) न्यासधारी के अधिकार और कृत्य इस अधिनियम के उपबन्धों तथा {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[3] और न्यासधारी के मध्य निष्पादित न्यास–संलेख द्वारा, जैसा कि वह उनके मध्य परस्पर अनुबंध द्वारा और राज्य सरकार के अनुमोदन के समय समय पर परिष्कृत {या प्रतिस्थापित}[2] हो, शासित होंगे।

न्यासधारी एक एकल निगम होगा

5–– धारा 4 के अधीन नियुक्त न्यासधारी, न्यासधारी के नाम से एक एकल नियम होगा और उसका शास्वत् उत्तराधिकार होगा और एक सामान्य मुहर होगी तथा वह अपने निगमित नाम से वाद चलायेगा और उसी नाम से उसके विरुद्ध वाद चलाया जायगा।

---

1. उ.प्र. अधिनियम संख्या 27, 1978 की धारा 2 (दो) द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 3 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 19 वर्ष 1994 की धारा 4 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 4 (घ) द्वारा प्रतिस्थापित।

मण्डल द्वारा ऋण पत्रों का जारी किया जाना

6–– {(1) राज्य सरकार और न्यासधारी की पूर्व स्वीकृति से, और ऐसी शर्तों और निबन्धों के अधीन रहते हुए जिन्हें राज्य सरकार आरोपित करे, मण्डल, समय–समय पर, मूलधन का पूरा प्रतिदान करने और उसके ब्याज का भुगतान करने के लिये राज्य सरकार द्वारा दी गयी बिना शर्त प्रत्याभूति पर अंशतः धृत और अंशतः अर्जित किये जाने वाले बन्धक, प्रभार या गिरवी की और ऐसे संपत्तियों और अन्य परिसंपत्तियों की, जो धारा 12 के उपबन्धों के अधीन {ग्राम विकास बैंकों}[8] द्वारा {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[7] को संक्रामित की गयी समझी गयी हो, और {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[7] की अन्य संपत्तियों की, प्रतिभूति पर एक या अधिक अभिधानों के ऋण–पत्र ऐसी अवधि या अवधियों के लिए, जिसे वह इष्टकर समझे, जारी कर सकता है :}[1]

{प्रतिबन्ध यह है कि कोई ऋण पत्र ऐसे निदेशों या अनुदेशों से, जैसा भारतीय रिजर्व बैंक या नेशनल बैंक फार एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलेपमेंट द्वारा समय–समय पर जारी किया जाय, भिन्न रूप में नहीं जारी किए जायेंगे।}[4]

(2) ऐसे ऋण–पत्रों में ऐसी शर्त रखी जा सकती है, जिसमें जारी किये जाने के दिनांक से {बीस वर्ष}[5] से अनधिक की ऐसी अवधि निश्चित की जाय जिसमें वे अविमोच्य होंगे अथवा जिनमें मण्डल के लिये यह अधिकार रक्षित रक्षा जाय कि वह सम्बन्धित ऋण–पत्रधारी को कम से कम तीन मास की लिखित नोटिस देने के पश्चात् किसी ऋण–पत्र को उनके विमोचन के लिए निश्चित दिनांक से पूर्व किसी भी समय प्रत्याहूत कर ले।

(3) {उपधारा (1) के अधीन मण्डल द्वारा पहले से जारी किये गये ऋण पत्रों पर देय कुल धनराशि और जारी किये जाने के लिये प्रस्तावित किन्हीं ऋण–पत्रों की धनराशि कुल मिलाकर निम्नलिखित धनराशि के योग से अधिक न होगी :–

(क) बन्धक या प्रभार या गिरवी पर {या राज्य सरकार द्वारा बिना शर्त प्रतिभूति के प्रति किसी ऋण अग्रिम पर}[6] देय धनराशियां और ऐसी अन्य परिसंपत्तियों का मूल्य, जो धारा 12 के अधीन {ग्राम विकास बैंकों}[8] द्वारा {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[7] को संक्रमित की गयी हो या संक्रमित की गयी समझी गयी हों और जो तत्समय वर्तमान हो,

(ख) ऋण–पत्र मोचन–निधि में संचयन;

(ग) हस्तस्त रोकड़ और बैंकों में अतिशेष और सामान्य निधियों के अधीन प्रतिभूतियों का अंकित मूल्य या बाजार मूल्य, जो भी कम हो, और

(घ) खण्ड (क), (ख) और (ग) में उल्लिखित धनराशि का ऐसा प्रतिशत, जो नियत किया जाय।}[2]

न्यासधारी में संपत्ति का निहित किया जाना और परिसम्पत्तियों पर ऋण–पत्रधारियों का प्रभार ऋण पत्रों का मूलधन और उन का ब्याज राज्य सरकार द्वारा प्रत्याभूत होगा

7–– {धारा 6 के अधीन ऋण–पत्र जारी होने पर, राज्य सरकार की प्रत्याभूति अधीन फायदा और उक्त धारा की उपधारा (3) में निर्दिष्ट और मण्डल द्वारा धृत बन्धक ग्रस्त संपत्तियां और अन्य परिसंपतियां न्यासधारी में निहित होंगी और ऋण–पत्रधारी राज्य सरकार की प्रत्याभूति के फायदे के हकदार हों और उनका ऐसे समस्त बन्धकों और परिसंपत्तियों और ऐसी प्रत्याभूति या बन्धकों के अधीन भुगतान की गई और {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[7] या न्यायासधारी के पास शेष धनराशियों पर चल प्रभार होगा।}[3]

---

1. उ.प्र. अधिनियम संख्या 27, 1978 के धारा 4 (एक) द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 4 (दो) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 5 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 16 वर्ष 1989 की धारा 6 (क) द्वारा बढ़ाया गया।
5. उपर्युक्त की धारा 6 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 6 (ग) द्वारा अन्तर्विष्ट।
7. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 19 वर्ष 1994 की धारा 4 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उपर्युक्त की धारा 4 (घ) द्वारा प्रतिस्थापित।

ऋण पत्रों का मूलधन और उनका ब्याज राज्य सरकार द्वारा प्रत्याभूत होगा

8–– (1) धारा 6 के अधीन जारी किए गए ऋण पत्रों का मूलधन तथा उनका ब्याज ऐसी अधिकतम धनराशि तक, जो राज्य सरकार द्वारा सरकारी गजट में विज्ञप्ति द्वारा तदर्थ नियत की जाय तथा ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो वह उसे आरोपित करना उचित समझे, राज्य सरकार द्वारा प्रत्याभूत होगा।

(2) राज्य सरकार, ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुये जो नियत की जायें, उपधारा (1) के अधीन दी गयी किसी प्रत्याभूति की अधिकतम धनराशि बढ़ा सकती है।

(3) राज्य सरकार मंडल तथा न्यासधारी से परामर्श करने के पश्चात् ––

(क) सरकारी गजट में विज्ञप्ति द्वारा, और

(ख) इस राज्य तथा भारत के अन्य राज्यों के ऐसे प्रमुख समाचार–पत्रों में नोटिस देकर जिन्हें इस सम्बन्ध में राज्य सरकार चुने;

एक निर्दिष्ट दिनांक से, जो सरकारी गजट में विज्ञप्ति के प्रकाशन से छः मास से पूर्व का न हो अपने द्वारा दी गयी किसी प्रत्याभूति को समाप्त कर सकती है अथवा उसकी अधिकतम धनराशि को कम कर सकती है अथवा उस शर्तों में परिष्कार कर सकती है, जिनके अधीन वह दी गयी हो :

प्रतिबन्ध यह है कि किसी प्रत्याभूति की समाप्ति, कमी अथवा परिष्कार किसी भी प्रकार से उस प्रत्याभूति पर प्रभाव न डालेगा, जो उस दिनांक के पूर्व जारी किये गये किसी ऋण–पत्र के संबंध में हो जब से ऐसे समाप्ति, कमी या परिष्कार प्रभावी हो।

(4) जब प्रत्याभूति की अधिकतम धनराशि कम करना हो अथवा उन शर्तों को, जिनके अधीन प्रत्याभूति दी गयी हो, परिष्कृत करना हो, तो उपधारा (3) में अभिदिष्ट प्रत्येक विज्ञप्ति और नोटिस में, यथास्थिति, ऐसी कमी अथवा परिष्कार के क्षेत्र और प्रभाव का यथार्थतः उल्लेख होगा।

प्रत्याभूति निधि

9–– (1) राज्य सरकार ऐसी शर्तों और प्रतिबन्धों पर, जिन्हें वह उचित समझे एक प्रत्याभूति निधि उन हानियों को पूरा करने के लिये स्थापित कर सकती है, जो नियत की गयी परिस्थितियों में {ग्राम विकास बैंकों}[4] द्वारा बंधकों की प्रतिभूति पर दिये गये ऋण के रूप से वसूल न हो सकने के कारण उत्पन्न हों।

(2) {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[3] तथा {ग्राम विकास बैंक}[4] उक्त निधि में से ऐसी दरों पर अंशदान देगे जो नियत की जायें।

{(2–क) राज्य सरकार की समय–समय पर निधि में ऐसी धनराशि का अंशदान कर सकती, जिसे वह उचित समझे।}[1]

(3) उक्त निधि का अनुरक्षण और उपयोग ऐसी रति से तथा ऐसे प्रयोजनों के लिये किया जायेगा जो नियत किये जायें।

धन उधार लेने की शक्ति

{9–क–– उत्तर प्रदेश सहकारी समिति अधिनियम, 1965 में किसी बात के होते हुए भी, मण्डल राज्य सरकार या भारतीय रिजर्व बैंक या नेशनल फार एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलेपमेंट या ऐसी अन्य वित्तीय संस्थाओं से, जैसा न्यासधारी द्वारा अनुमोदित किया जाय, धन उधार ले सकता है।}[2]

---

1. उ. प्र. अधिनियम संख्या 3, 1979 की धारा 2 द्वारा बढ़ायी गयी।
2. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 16 वर्ष 1989 की धारा 7 द्वारा बढ़ाया गया।
3. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 19 वर्ष 1994 की धारा 4 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 4 (घ) द्वारा प्रतिस्थापित।

कुछ दावों पर बंधक की पूर्वता ऐक्ट सं0 19 1983

10–– इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के पश्चात् {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[6] या {ग्राम विकास बैंक}[7] के पक्ष में निष्पादित किसी भी बन्धक {या सृजित किसी भी प्रभार}[1] को लैण्ड इम्प्रूवमेंट लोन्स ऐक्ट, 1883 के अधीन, किसी ऐसे ऋण से, जो उक्त बन्धक के निष्पादन {या प्रभार के सृजन}[2] के पश्चात् दिया गया हो, उत्पन्न सरकारी दावे पर प्रर्वता प्राप्त होगी।

{ग्राम विकास बैंक}[7] अथवा {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[6] का बन्धक ग्रस्त सम्पत्ति तय करने का अधिकार 1951 ई0 का उ. प्र. अधिनियम संख्या 1

11–– {(1) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में किसी बात के होते हुए भी, किसी {ग्राम विकास बैंक}[7] या {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[6] के लिये अधिनियम के अधीन बेची गयी किसी सम्पत्ति का क्रय करना विधि पूर्ण होगा और ऐसा बैंक इस प्रकार क्रय की गयी सम्पत्ति को ऐसी अवधि के भीतर, जो न्यासधारी द्वारा निश्चित की जाये, विक्रय करके निस्तारण करेगा।}[3]

1951 ई. का उ.प्र. अधिनियम संख्या 1

(2) 1950 ई0 के जमींदारी–विनाश और भूमि–व्यवस्था अधिनियम की धारा 154 में अथवा तत्समय प्रचलित किसी भी अन्य विधि में दी गयी कोई भी बात, जिसमें {कृषि जोत भूमि या अन्य अचल सम्पत्ति}[5] की अधिकतम सीमा नियत की गयी हो, {ग्राम विकास बैंकों}[7] अथवा {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[6] द्वारा उपधारा (1) के अधीन भूमि के अर्जन पर प्रवृत्त न होगी।

{(2–क) यदि बैंक को उपधारा (1) के अधीन अर्जित किसी भूमि को उसके विक्रय होने ते पट्टे पर देना हो तो पट्टे की अवधि एक बार में एक वर्ष से अधिक नहीं होगी और तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुये भी पट्टेदार उस सम्पत्ति में कोई अन्य हित अर्जित नहीं करेगा।}[4]

{ग्राम विकास बैंक}[7] के पक्ष में निष्पादित बंधक {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[6] में निहित होंगे।

12 –– इस अधिनियम के आरम्भ होने के पूर्व अथवा उसके उपरान्त {ग्राम विकास बैंक}[7] के सदस्यों द्वारा उसके पक्ष में निष्पादित बन्धक तथा उसे संक्रमित अन्य समस्त परिसम्पत्तियां ऐसे निष्पादन या संक्रमण के दिनांक से उक्त {ग्राम विकास बैंक}[7] द्वारा {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[6] को संक्रमित की गयी समझी जायेगी और राज्य {ग्राम विकास बैंक}[5] में निहित हो जायेंगी।

{ग्राम विकास बैंक}[7] का धन प्राप्त करने तथा उन्मोचन देने का अधिकार

13–– इस बात के होते हुए भी कि किसी {ग्राम विकास बैंक}[7] के पक्ष में निष्पादित बन्धक {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[6] को संक्रमित कर दिया गया हो अथवा धारा 12 के उपबन्धों के अधीन संक्रमित कर दिया गया समझा गया हो–––

(क) मंडल अथवा न्यासधारी द्वारा जारी किये गये तथा बंधकर्ता को संसूचित किये गये किसी प्रतिकूल विशिष्ट निदेशक के न होने पर बन्धक के अधीन देय सभी धन {ग्राम विकास बैंक}[7] को दिया जायेगा और भुगतान उसी प्रकार वैध होगा मानो बन्धक इस प्रकार संक्रमित न किया गया हो; और

(ख) मंडल अथवा न्यासधारी द्वारा जारी किये गये तथा {ग्राम विकास बैंक}[7] को संसूचित किये गये किसी प्रतिकूल विशिष्ट निदेश के न होने पर, {ग्राम विकास बैंक}[7] बन्धक के आधार पर वाद चलाने या बन्धक के अधीन देय धनराशि की वसूली के लिये कोई अन्य कार्यवाही करने का हकदार होगा।

---

1. उ. प्र. अधिनियम संख्या 3, 1979 की धारा 3 द्वारा बढ़ायी गयी।
2. उपर्युक्त की धारा 3 द्वारा बढ़ायी गयी।
3. उपर्युक्त की धारा 4 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 4 (ख) द्वारा बढ़ाई गयी।
5. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 16 वर्ष 1989 की धारा 8 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 19 वर्ष 1994 की धारा 4 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 4 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।

ऐक्ट संख्या 4, 1982 {ग्राम विकास बैंक}[5] के पूर्व ऋणों का बन्धकर्ता का भुगतान करने का अधिकार

14–– (1) यदि बन्धकर्ता के पूर्व ऋणों का भुगतान करने के लिये किसी {ग्राम विकास बैंक}[5] के पक्ष में कोई बन्धक निष्पादित किया गया हो तो ट्रांस्फर आफ प्रापर्टी ऐक्ट, 1882 तथा तत्समय प्रचलित किसी विधि में किसी बात के होते हुये भी बैंक लिखित नोटिस देकर, किसी ऐसे व्यक्ति से जिसे इस प्रकार का कोई ऋण या उसका कोई अंश देय हो, ऐसी धनराशि का भुगतान बैंक के निर्बन्धित कार्यालय से ऐसी अवधि के भीतर, जो नाटिस में निर्दिष्ट की जाये, प्राप्त करने की अपेक्षा कर सकता है।

(2) यदि कोई ऐसा व्यक्ति उक्त नोटिस लेने से इन्कार करे अथवा उक्त भुगतान न ले या भुगतान लेने से इन्कार करे तो यथास्थिति, ऐसे ऋण या उसके अंश पर, नोटिस में निर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से ब्याज नहीं मिलेगा :

प्रतिबन्ध यह है कि जब किसी ऐसे ऋण की धनराशि के सम्बन्ध में कोई विवाद हो तो वह व्यक्ति जिसे उक्त ऋण देय हो, {ग्राम विकास बैंक}[5] द्वारा ऋण के मद्धे प्रस्तुत की गयी धनराशि का भुगतान लेने के लिये बाध्य होगा, किन्तु इस प्रकार भुगतान लेने से उस व्यक्ति के उस अधिकार पर, यदि कोई हो जो उसे अपने द्वारा अभियाचित अवशेष की वसूली करने के लिये प्राप्त हो, कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

अभिहरण कब किया जायगा

15–– (1) यदि {ग्राम विकास बैंक}[5] के पक्ष में निष्पादित की किसी बन्धक के अधीन देय कोई किस्त या ऐसी किस्त का कोई अंश, उस दिनांक से जबसे वह देय हुआ हो, एक मास से अधिक अदत्त रहा हो, तो प्रबन्ध समिति किसी ऐसे अन्य प्रत्युपाय के अतिरिक्त जो उक्त बैंक को प्राप्त हो, बंधक ग्रस्त भूमि की उपज के, जिसके अन्तर्गत खड़ी फसल भी है, अभिहरण तथा विक्रय द्वारा ऐसी किस्त या उसके अंश की वसूली के लिये निबन्धक को प्रार्थना–पत्र दे सकती है।

ऐक्ट संख्या 4, 1882

(2) ऐसा प्रार्थना–पत्र प्राप्त होने पर, निबन्धक या उसके द्वारा लिखित रूप में तदर्थ अधिकृत कोई अन्य व्यक्ति, ट्रांसफर आफ प्रापर्टी ऐक्ट, 1882 में दी गयी किसी बात के होते हुये भी, उक्त उपज के अभिहरण या विक्रय करने के प्रयोजन के लिये नियत रीति से कार्यवाही कर सकता है :

प्रतिबन्ध यह है कि उस दिनांक से जब किस्त देय हुई हो, बारह मास के बीत जाने के उपरान्त, कोई अभिहरण नहीं किया जायेगा।

(3) अभिहरण उतनी सम्पत्ति का किया जायेगा, जिसका मूल्य, यथासम्भव निकटतम, देय धनराशि अभिहरण के व्यय तथा विक्रय के परिव्यय और अभिहरण की हुई सम्पत्ति पर पूर्व प्रभार के, यदि कोई हो, सम्बन्ध में भी देय धनराशि के योग के बराबर होगा।

विक्रय के अधिकार का प्रयोग कब किया जायेगा

16–– (1) ट्रान्सफर आफ प्रापर्टी ऐक्ट, 1882 में किसी बात के होते हुये भी, यदि न्यायालय के हस्तक्षेप के बिना विक्रय का अधिकार इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के पूर्व या उसके पश्चात {की गयी प्रभार की घोषणा या निष्पादित बंधक विलेख द्वारा}[1] {ग्राम विकास बैंक}[4] को स्पष्ट रूप से प्रदान किया गया हो, तो ऐसे बैंक की प्रबन्ध समिति को अथवा ऐसी समिति तदर्थ प्राधिकृत किसी व्यक्ति को, {बंधक या प्रभार के अधीन बकाया धन}[2] या उसके किसी भाग का भुगतान न होने की दशा में उक्त बैंक के उप लभ्य किसी अन्य प्रत्युपाय के अतिरिक्त, बन्धकग्रस्त {या भारित}[3] सम्पत्ति को न्यायालय के हस्तक्षेप के बिना विक्रय करने का अधिकार होगा।

ऐक्ट संख्या 4, 1882

---

1. उ.प्र. अधिनियम संख्या 3 वर्ष 1979 की धारा 5 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 5 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 5 (क) द्वारा बढ़ाई गई।
4. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 19 वर्ष 1994 की धारा 4 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 4 (घ) द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) ऐसे किसी अधिकार का प्रयोग तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि ––

(क) एक लिखित नोटिस जिसमें ऐसे बन्धक धन या उसके अंश के भुगतान की अपेक्षा की गयी हो, निम्नलिखित पर तामील न कर दिया गया हो :–

(1) बन्धक कर्ता या बन्धक कर्ताओं में से प्रत्येक;

(2) कोई ऐसा व्यक्ति, जिसका बैंक की जानकारी में बंधकग्रस्त सम्पत्ति अथवा उसके अन्मोदन के अधिकार में कोई हित हो अथवा उस पर कोई प्रभार हो;

(3) बंधक–ऋण या उसके किसी अंश के भुगतान के लिये कोई प्रतिभार तथा

(4) बंधककर्ता का कोई ऋणदाता जिसने अपनी सम्पदा के प्रशासन से सम्बन्धित किसी वाद में बंधग्रस्त सम्पत्ति के विक्रय के लिये डिक्री प्राप्त कर ली हो,

(ख) ऐसी तामील से तीन महीने के पश्चात् उक्त बंधक–धन अथवा उसके अंश के भुगतान में चुक न की गयी हो, और

(ग) मण्डल के खण्ड (क) में उल्लिखित बंधक–कर्ता या अन्य किन्हीं व्यक्तियों की आपित्तयों को, यदि कोई है, सुनने के पश्चात् ऐसे अधिकार के प्रयोग को प्राधिकृत न कर दिया हो।

(3) इस धारा के अधीन विक्रय, ऐसी रीति से किया जायगा कि नियत की जाये।

{(4) जहां इस अधिनियम के अधीन बेची गयी कोई सम्पत्ति बंधक या प्रभार करने वाले व्यक्ति के या उसकी ओर से किसी व्यक्ति के, या किसी {ग्राम विकास बैंक}[4] या, {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[3] के पक्ष में ऐसे बंधक रखे जाने के या प्रभार सृजन के पश्चात हक का दावा करने वाले किसी व्यक्ति के अध्यासन में हो तो कलेक्टर क्रेता के प्रार्थना–पत्र पर ऐसे क्रेता या उसके द्वारा इस निमित्त नियुक्त किसी व्यक्ति को सम्पत्ति पर अध्यासित कराकर दिये जाने का आदेश देगा।}[1]

{(5) इस धारा के अधीन किसी कृषि जोत या किसी अन्य अचल सम्पत्ति या उसमें किसी हित का विक्रय उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 की धारा 157–क और 157–ख के उपबन्धों के अधीन होगा।}[2]

बन्धक ग्रस्त सम्पत्ति नष्ट होने अथवा प्रतिपूर्ति अपर्याप्त होने पर {ग्राम विकास बैंक}[4] के अधिकार

17–– यदि किसी {ग्राम विकास बैंक}[4] के पास बंधक रखी गयी कोई सम्पत्ति पूर्णतः अथवा अंशतः नष्ट हो जाये अथवा प्रतिभूति अपर्याप्त हो जाये और बन्धक कर्ता को {ग्राम विकास बैंक}[4] की प्रबन्ध समिति द्वारा इस बात का समुचित अवसर दिये जाने के बाद कि वह इतनी और प्रतिभूति की व्यवस्था करें कि प्रतिभूति पर्याप्त हो जाय या वह ऋण के उतने अंश का प्रतिदान करे जो समिति अवधारित करे, वह उक्त प्रतिभूति की व्यवस्था न करे या ऋण के उक्त भाग का प्रतिदान न करे तो सम्पूर्ण ऋण तुरन्त उतने दिये समझा जायेगा और समिति बंधककर्ता के विरुद्ध इस अधिनियम अथवा तत्समय प्रचलित किसी अन्य विधि के अधीन उसकी वसूली के लिये कार्यवाही करने की हकदार हो जायेगी।

स्पष्टीकरण–– इस धारा के अर्थ में प्रतिभूति तब तक अपर्याप्त मानी जायगी जब तक बंधकग्रस्त सम्पत्ति का मूल्य बंधक के सम्बंध में तत्समय देय धनराशि से उस अनुपात में अधिक न हो जो {ग्राम विकास बैंक}[4] के नियमों, विनियमों तथा उपविधियों में निर्दिष्ट किया जाये।

---

1. उ.प्र. अधिनियम संख्या 3 वर्ष 1979 की धारा 5 (ख) द्वारा बढ़ाई गयी।
2. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 16 वर्ष 1989 की धारा 9 द्वारा बढ़ाया गया।
3. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 19 वर्ष 1994 की धारा 4 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 4 (घ) द्वारा प्रतिस्थापित।

मंडल अथवा न्यासधारी का सम्पत्ति के अभिहरण तथा विक्रय आदि का अधिकार

18–– (1) सीधे {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[1] के पास रखे गये बंधक की दशा में धारा 15, 16, और 17 के अधीन किसी {ग्राम विकास बैंक}[2] की प्रबन्धक समिति को दिये गये समस्त अधिकार मंडल या न्यासधारी को प्राप्त होंगे, और धारा 16 की उपधारा (1) के अधीन अधिकार का प्रयोग करने में उस धारा की उपधारा (2) का खण्ड (ग) अस्तित्व हीन समझा जायगा।

(2) मण्डल अथवा न्यासधारी किसी {ग्राम विकास बैंक}[2] की प्रबन्ध समिति के धारा 15 अथवा 16 या धारा 17 के अधीन किसी बाकीदार के विरुद्ध कार्यवाही करने का निदेश दे सकता है और यदि समिति ऐसा करने में अवधारण करे अथवा ऐसा न करे तो मंडल अथवा न्यासधारी उपधारा (1) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए ऐसी कार्यवाही कर सकता है।

(3) (क) यदि ऐसी कार्यवाही, जिसका उल्लेख उपधारा (1) अथवा (2) में किया गया है मण्डल द्वारा की जाये तो इस अधिनियम तथा तदर्थ बनाये गये नियमों या विनियमों के उपबन्ध उसके सम्बन्ध में उसी प्रकार प्राप्त होंगे मानों उक्त उपबन्धों में {ग्राम विकास बैंक}[2] तथा उसकी प्रबन्ध समिति के सम्बन्ध में {ग्राम विकास बैंक}[2] तथा मण्डल के संबन्ध में समस्त अभिदेश न्यासधारी के सम्बन्ध में अभिदेश हों।

(ख) यदि ऐसी कार्यवाही, जिसका उल्लेख उपधारा (1) अथवा (2) में किया गया है न्यासधारी द्वारा की जाये तो इस अधिनियम तथा तदर्थ बनाये गये नियमों या विनियमों के उपबन्ध उसके सम्बन्ध में उसी प्रकार प्रवृत्त होंगे मानों उक्त उपबन्धों में {ग्राम विकास बैंक}[2] अथवा उसकी प्रबन्ध–समिति के सम्बन्ध में समस्त अभिदेश न्यासधारी के सम्बन्ध में अभिदेश हों।

अनियमितता आदि के आधार पर केता के आगमन पर आपत्ति नहीं की जायगी

19–– यदि धारा 16 के अधीन विक्रय के अधिकार का प्रयोग अथवा अभिप्रेत प्रयोग कोई सम्पत्ति बेची जाये तो केता के आगम पर इस आधार पर आपत्ति नहीं की जायेगी कि–––

(क) विक्रय का अधिकार देने के लिये अपेक्षित परिस्थितियां उत्पन्न नहीं हुई थी, अथवा

(ख) विक्रय का यथोचित नोटिस नहीं दिया गया था, अथवा

(ग) विक्रय के अधिकार का अन्य प्रकार से अनुचित अथवा अनियमित प्रयोग किया गया था, किन्तु किसी व्यक्ति को जिसे किसी ऐसे अधिकार के अनधिकृत, अनुचित अथवा अनियमित प्रयोग से कोई क्षति पहुंची हो, {ग्राम विकास बैंक}[2] के विरुद्ध क्षति मूल्य का दावा करने का अधिकार होगा।

बंधक कर्त्ता के ऋण शोधाश्रम हो जाने के आधार पर आपत्ति नहीं की जायेगी

20–– ऋण शोधक्षमता से सम्बन्धित किसी विधि में किसी बात के होते हुये भी, {ग्राम विकास बैंक}[2] के पक्ष में निष्पादि बंधक पर इस आधार पर आपत्ति नहीं की जायेगी कि वह मूल्यवान प्रतिफल के लिये सद्भावना से निष्पादित नहीं किया गया था या कि वह बंधककर्ता के अन्य ऋणदाताओं पर {ग्राम विकास बैंक}[2] को अधिमान देने के लिये निष्पादित किया गया था।

---

1. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 19 वर्ष 1994 की धारा 4 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 4 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।

प्रापक की नियुक्ति तथा उसके अधिकार

ऐक्ट सं0 4, 1982

21–– (1) मण्डल स्वतः अथवा {ग्राम विकास बैंक}[5] के प्रार्थना–पत्र पर तथा उन परिस्थितियों में, जिनमें धारा 16 के अधीन किसी प्रबंध–समिति अथवा मंडल द्वारा विक्रय के अधिकार का प्रयोग, न्यायालय के हस्तक्षेप के बिना किया जा सकता हो, बंधक ग्रस्त सम्पत्ति अथवा उसके किसी भाग के लिये लिखित रूप से एक प्रापक नियुक्त कर सकता है तथा ऐसा प्रापक, सम्पत्ति पर कब्जा करने और उसकी उपज तथा आय को संग्रहीत करने, अपने द्वारा वसूल किये गये धन में से अपना प्रबन्ध व्यय, जिसमें उसका मण्डल द्वारा निश्चित किया गया पारिश्रमिक, यदि कोई हो, सम्मिलित है–––काट लेने और अवशिष्ट धनराशि को ट्रांस्फर आफ प्रापर्टी ऐक्ट, 1882 की धारा 69–ए की उपधारा (8) के उपबन्धों के अनुसार, जहां तक वे लागू हों, उपयोग करने का हकदार होगा।

(2) मण्डल स्वतः अथवा बंधकर्ता द्वारा दिये गये प्रार्थना–पत्र पर उपधारा (1) के अधीन नियुक्त प्रापक को हटा सकता है।

(3) प्रापक के पक्ष में हुई रिक्ति की पूर्ति मण्डल द्वारा की जा सकती है।

(4) इस धारा के किसी बात से मण्डल को उस दशा में प्रापक नियुक्त करने का अधिकार न होगा जब बंधकग्रस्त सम्पत्ति पहले से ही दीवानी न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रापक के कब्जे में हो।

अन्तरणीय अधिकार वाले कृषकों को अन्तरणीय अधिकार निहित करना

{21–क–– राज्य सरकार किसी {ग्राम विकास बैंक}[5] या {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[4] से ऋण प्राप्त करने के प्रयोजनार्थ, अधिसूचना द्वारा ऐसे निर्बन्धों के अधीन रहते हुये, जिन्हें अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किया जाये, समस्त भूमिधरों को, चाहे वे अन्तरणीय अधिकार वाले हो या नहीं { , असामियों}[2] और सरकारी पट्टेदारों को उनके खाते के अधीन वृत भूमि में या ऐसी भूमि में किसी हित में, अन्तरण के अधिकार, जिसमें ऐसी भूमि या हित के सम्बन्ध में ऐसे बैंक के पक्ष में प्रभार या बन्धक करने का अधिकार भी सम्मिलित है, निहित कर सकती है, और ऐसी अधिसूचना के जारी होने पर ऐसे भूमिधर { , असामी}[2] और सरकारी पट्टेदार को तत्समय, प्रवृत किसी विधि या किसी संविदा ग्रान्ट या अन्य संलेख में किसी प्रति कुल बात के या किसी रूढ़ि या परम्परा के होते हुये भी, अधिसूचना के निबंधनों के अनुसार अन्तरण का अधिकार होगा।}[1]

{ग्राम विकास बैंक}[5] या {उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक}[4] के पक्ष में प्रभार का सृजन

{21–ख–– (1) कोई व्यक्ति, जो किसी ग्राम विकास बैंक या {उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक}[4] से अपनी चल संपत्ति को गिरवी रखकर वित्तीय सहायता प्राप्त करने का इच्छुक हो, सम्यक रूप से स्टांपित पत्र पर लिखित घोषणा कर सकता है कि वह उसके द्वारा ऐसे बैंक के पक्ष में ऐसी संपति को गिरवी रखता है।

(2) जब किसी ऐसे व्यक्ति के पास, जो किसी {ग्राम विकास बैंक}[5] या {सहकारी ग्राम विकास बैंक}[4] से वित्तीय सहायता प्राप्त करने का इच्छुक हो, ऋण प्राप्त करने के लिए पर्याप्त मूल्य की सम्पति न हो, तब उसे ऐसे बैंक द्वारा ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, यदि कोई हो, जैसी नियत की जाए, बैंक के संतोषानुसार प्रतिभू प्रस्तुत करने पर वित्तीय सहायता की व्यवस्था की जा सकती है।

इस अधिनियम के उपबन्ध गिरवी, पर लागू होंगे

21–ग–– इस अधिनियम और इस अधिनियम के अधीन लिए गए प्रभारी और रखे गये बन्धकों के संबंध में बनाये गये नियमों के उपबन्ध, यथावश्यक परिवर्तन सहित, इस अधिनियम के अधीन गिरवी रखी गयी चल सम्पत्ति पर लागू होंगे।}[3]

---

1. उ.प्र. अधिनियम सख्या 3, 1979 की धारा 6 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 16 वर्ष 1989 की धारा 10 (क) तथा 10 (ख) द्वारा अन्तर्विष्ट।
3. उपर्युक्त की धारा 11 द्वारा बढ़ाया गया।
4. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 19 वर्ष 1994 की धारा 4 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 4 (घ) द्वारा प्रतिस्थापित।

बन्धक ग्रस्त सम्पत्ति को पट्टे पर देने या उस पर अन्य अधिकार सृजित करने के बंधकर्ता के अधिकार पर निर्बन्धन

{22–– संपत्ति का अन्तरण, अधिनियम, 1882 या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुये भी, ऐसी कोई सम्पत्ति, जिसके सम्बन्ध में किसी {ग्राम विकास बैंक}[2] या {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[3] के पक्ष में कोई प्रभार, गिरवी या बंधक किया गया हो, प्रभार गिरवी या बन्धकर्ता द्वारा तब तक बेची या अन्यथा अन्तरित नहीं की जायेगी जब तक कि उसके द्वारा {ग्राम विकास बैंक}[2] या {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[3] से लिये गये ऋण या अग्रिम को सम्पूर्ण धनराशि और उसके ब्याज का भुगतान बैंक को न कर दिया गया हो इस धारा का उल्लंघन करके किया गया कोई संव्यवहार शून्य होगा :

प्रतिबन्ध यह है कि यदि किसी सदस्य द्वारा और उधार ली गयी धनराशि के किसी का भुगतान कर दिया जाय तो उस सदस्य के प्रार्थना–पत्र पर {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[3] यथास्थिति, {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[3] के अनुमोदन से {ग्राम विकास बैंक}[2], सम्पत्ति या उसमें हित के ऐसे भाग को, जिसे वह उचित समझे, बैंक के पक्ष में सृजित या किये गये बन्धक, या गिरवी से, सदस्य द्वारा देय शेष धनराशि की सुरक्षा का सम्यक ध्यान रखते हुये निर्मुक्त कर सकता है।}[1]

{ग्राम विकास बैंक}[3] या {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[2] के पक्ष में निष्पादित लेख्यों का रजिस्ट्रीकरण

23–– (1) रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908, या तत्समय प्रवृतत किसी अन्य विधि में किसी बात के हेाते हुए भी किसी उधारकर्ता सदस्य द्वारा ऋण का प्रदान सुरक्षित करने के प्रयोजन के लिए {ग्राम विकास बैंक}[2] या {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[3] के पक्ष में निष्पादित किसी भूमि या उसमें किसी हित या अन्य अचल सम्पत्ति पर प्रभार या बन्धक सूचित करने वाले विलेख को उसके निष्पादित के दिनांक से उक्त अधिनियम के अनुसार सम्यक् रूप से रजिस्ट्रीकृत समझा जायगा, बशर्ते बैंक, निष्पादन के दिनांक से तीन मास की अवधि के भीतर उस लेख्य की, जिसके द्वारा ऐसा प्रभार या बन्धक सृजित किया गया हो, एक प्रति जो बैंक की ओर से हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत किसी कर्मचारी द्वारा सम्यक् रूप से सही प्रति प्रमाणित की गयी हो, रजिस्ट्रीकृत के पास भेज दी गई हो, जिसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर प्रभारित या बन्धक रखी गयी सम्पूर्ण संपत्ति या उसका कोई भाग स्थित हो और संबद्ध उप रजिस्ट्रार, यथास्थिति, ऐसी प्रति या प्रतियों को रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा 51 के अधीन विहित पुस्तक संख्या 1 में नत्थी करेगा।

(2) जहां उप रजिस्ट्रार की राय हो कि उक्त लेख्य पर सम्यक् रूप से स्टाम्प नहीं लगाया गया है या उसमें आकस्मिक भूल या लोप से उत्पन्न कोई त्रुटि हो गयी हो वहां वह लेख्य की, यथास्थिति, प्रति या प्रतियां बैंक को वापस भेज कर उससे यह अपेक्षा करेगा कि वह तीन दिन या ऐसी बढ़ाई अवधि के भीतर, जिसकी अनुमति उप रजिस्ट्रार उस निमित्त दे, मूल प्रति पर स्टाम्प शुल्क की कमी को पूरा करे या त्रुटि को दूर करे। बैंक भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 में किसी बात के होते हुये भी, कमी को पूरा करायेगा त्रुटि को दूर करायेगा।

(3) बैंक, यथास्थिति, स्टाम्प शुल्क की कमी पूरी होने या त्रुटि दूर होने के पश्चात् लेख्य की प्रति उपधारा (1) में निर्धारित रीति से उप रजिस्ट्रार के पास पुनः भेजेगा, और तदुपरान्त उप रजिस्ट्रार उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार पुस्तक संख्या 1 में उस प्रति को नत्थी करेगा।

---

1. उ0 प्र0 अधिनियम सख्या 3, 1979 की धारा 7 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 19 वर्ष 1994 की धारा 4 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 4 (घ) द्वारा प्रतिस्थापित।

(4) रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 के किसी बात के होते हुये भी, उधारकर्ता सदस्य, न्यासधारी या {ग्राम विकास बैंक}[4] या {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[4] के किसी अधिकारी के लिये यह आवश्यक नहीं होगा कि वह स्वयं या अभिकर्ता द्वारा किसी ऐसे संलेख को, जिसका निष्पादन उसने अपने अधिकारिता रूप में किया हों, रजिस्ट्रीकरण से सम्बद्ध किसी रजिस्ट्री कार्यालय में उपस्थित हो या उक्त अधिनियम की धारा 58 कार्यवाही में किये गये उपबन्ध के अनुसार हस्ताक्षर करे।

प्रभार या बन्धक अंकित करने के लिये राजस्व रजिस्टर

{23–क–– जहां प्रभार या बंधक सृजन करने वालो लेख्य की प्रति धारा 23 के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिये भेज दी गई हो, वहां बैंक के ऐसे लेख्य की एक प्रति तहसीलदार या ऐसे अन्य पदधारी को भी, जिसे राज्य सरकार द्वारा इस निमित पदाभिहित किया जाय, भेजेगा। तहसीलदार या अन्य पदधारी ऐसे प्रभार या बंधक का विवरण इस प्रयोजन के लिये रखे गये रजिस्टर में अंकित करेगा। रजिस्टर ऐसे प्रपत्र में होगा और उसका निरीक्षण करने की अनुमति और उसकी प्रतियां या उससे उद्धरण ऐसी रीति से और ऐसा शुल्क देने पर दिये जायेंगे जो नियत किये जायें।}[1]

मण्डल द्वारा कतिपय अधिकारों का प्रतिनिधान

{24–– यदि मण्डल उचित समझे तो वह इस अधिनियम की धारा 16, 18 और 21 अधीन अपने सभी या किन्हीं अधिकारों को बैंक के किसी एक या अधिक अधिकारियों को प्रतिनिहित कर सकता है।}[2]

ट्रांसफर आफ प्रापर्टी ऐक्ट, 1982 की धारा 102, 103 और 104 का इस अधिनियम के अधीन नोटिसों पर लागू होना

25–– ट्रांस्फर आफ प्रापटी ऐक्ट, 1882 की धारा 102 और 103 के, तथा उक्त धाराओं के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिये उक्त ऐक्ट की धारा 104 के अधीन उच्च न्यायालय द्वारा बनाये गये नियमों के उपबन्ध इस अधिनियम के अधीन तामील किये जाने वाली सभी नोटिसों पर यथाशक्य प्रवृत्त होंगे।

ऐक्ट सं. 4, 1882 संयुक्त हिन्दू परिवारों के प्रबंधक द्वारा निष्पादित बन्धक

26–– (1) यदि {ग्राम विकास बैंक}[4] के पक्ष में निष्पादित किसी बन्धक पर, चाहे वह इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के पहल निष्पादित किया गया हो या बाद में कोई आपत्ति इस आधार पर की जाये कि वह संयुक्त हिन्दू परिवार के प्रबन्धक द्वारा ऐसे प्रयोजन के लिये निष्पादित किया गया था, जो उस परिवार के वयस्क या अवयस्क सदस्यों पर बन्धनकारी नहीं था, तो इसे सिद्ध करने का भार, तत्समय प्रचलित किसी अन्य विधि में दी गयी किसी बात के होते हुये भी, उस पक्ष पर होगा, जो उस बन्धक पर आपत्ति करें।

(2) इस धारा के प्रयोजन के लिये निम्नलिखित प्रयोजन ऐसे समझे जायेंगे, जो संयुक्त हिन्दू परिवार के सदस्यों पर बन्धनकारी होंगे :–––

(क) कृषि भूमि का या खेती की रीतियों में सुधार अथवा भूमि की उत्पादकता बढ़ाने के लिये अन्य साधनों को वित्त पोषित करना, और

(ख) भूमि का क्रय;

धारा 26 का संशोधन

{(ग) परिवार के लिए ग्रामीण निवास–गृहों का निर्माण।}[3]

परिष्कार, जिसके अधीन रहते हुये हिन्दू माइनारिटी एण्ड गार्जियनशिप ऐक्ट, 1956 की धारा 8 इस अधिनियम के अधीन बन्धकों पर लागू होगी

27–– हिन्दू माइनरिटी एण्ड गार्जियशिप ऐक्ट, 1956 की धारा 8 {ग्राम विकास बैंक}[4] के पक्ष में किये गये बंधकों पर इस परिष्कार के अधीन रहते हुये प्रवृत्त होगी कि उसमें न्यायालय को किया गया अभिदेश कलेक्टर या उसके द्वारा नाम–निर्दिष्ट व्यक्ति को किया गया अभिदेश समझा जायेगा और कलेक्टर या उसके द्वारा नाम निर्दिष्ट व्यक्ति के आदेश के विरूद्ध अपील आयुक्त के समक्ष की जायेगी।

---

1. उ.प्र. अधिनियम सख्या 3, 1979 की धारा 8 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 9 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 16 वर्ष 1989 की धारा 12 द्वारा बढ़ाया गया।
4. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 19 वर्ष 1994 की धारा 4 (घ) द्वारा प्रतिस्थापित।

अन्य अधिनियमों में बैंको के लिए किया गया अभिदेश किस प्रकार समझा जाएगा

{28–– (1) उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक (संशोधन) अधिनियम, 1989 के प्रारम्भ के दिनांक से, किसी विधि या परिनियत संलेख में––

(क) उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी ग्राम बंधक बैंक या {उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक}[3] या {उत्तर प्रदेश सहकारी भूमि विकास बैंक}[3] के लिए किया गया कोई अभिदेश {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[3] के लिए किया गया अभिदेश समझा जाएगा;

(ख) किसी कृषि ग्राम्य बंधक बैंक या किसी {ग्राम विकास बैंक}[2] के लिए किया गया अभिदेश किसी ग्राम विकास बैंक के लिए किया गया अभिदेश समझा जाएगा।

(2) उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक (संशोधन) अधिनियम, 1989 के प्रारंभ के दिनांक को विद्यमान {उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक,}[3] या यथास्थिति, {ग्राम विकास बैंक}[4] के रूप में परिवर्तित कर दिया जाएगा और ऐसे बैंक का मूल प्रमाण पत्र और उपविधियां तद्नुसार संशोधित हो जाएंगी और निबंधक के आदेश से किया गया ऐसा नाम परिवर्तन उत्तर प्रदेश सहकारी समिति अधिनियम, 1965 के अधीन समिति द्वारा सम्यक रूप से नाम परिवर्तित किया गया समझा जाएगा।

(3) जहां किसी व्यक्ति द्वारा {उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक}[3] के पक्ष में कोई बन्धक सीधे निष्पादित किया जाये, वहां धारा 14, 20, 22, 23 26 और 27 में ग्राम विकास बैंक के लिये किये गये सभी अभिदेश {उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक}[3] के लिये किये गये अभिदेश समझे जायेंगे।}[1]

उत्तर प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्राम्य विकास बैंक (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ होने के पश्चात् अन्य अधिनियमों में बैंक के लिए किया गया अभिदेश किस प्रकार समझा जायेगा

{28–क–– (1) उत्तर प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्राम्य विकास बैंक (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ के दिनांक से, किसी विधि या परिनियत संलेख में –

(क) उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्राम्य विकास बैंक के लिए किया गया कोई अभिदेश उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के लिए किया गया अभिदेश समझा जायेगा;

(ख) राज्य कृषि एवं ग्राम्य विकास बैंक के लिए किया गया कोई अभिदेश उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास बैंक के लिए किया गया अभिदेश समझा जायेगा;

(ग) किसी कृषि एवं ग्राम्य विकास बैंक के लिए किया गया कोई अभिदेश ग्राम विकास बैंक के लिए किया गया अभिदेश समझा जायेगा;

(घ) किसी सहकारी कृषि एवं ग्राम्य विकास बैंक के लिए किया गया कोई अभिदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक के लिए किया गया अभिदेश समझा जायेगा।

(2) उत्तर प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्राम्य विकास बैंक (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ के दिनांक को विद्यमान उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्राम्य विकास बैंक तथा कृषि एवं ग्राम्य विकास बैंक के रूप में निबन्धक द्वारा लिखित आदेश द्वारा परिवर्तित कर दिया जायेगा और ऐसे बैंक का मूल प्रमाण–पत्र और उपविधियां तद्नुसार संशोधित हो जायेगी और निबन्धक के आदेश से किया गया ऐसा नाम परिवर्तन उत्तर प्रदेश सहकारी समिति अधिनियम, 1965 के अधीन समिति द्वारा सम्यक रूप से परिवर्तित किया गया समझा जायेगा।

---

1. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 16 वर्ष 1989 की धारा 13 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 19 वर्ष 1994 की धारा 4 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 4 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 4 (घ) द्वारा प्रतिस्थापित।

(3) जहां किसी व्यक्ति द्वारा उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के पक्ष में कोई बन्धक सीधे निष्पादित किया जाय, वहां धारा 14, 20, 22, 23, 26 ओर 27 में ग्राम विकास बैंक के लिए किए गए सभी अभिदेश उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के लिए किये गये अभिदेश समझे जायेंगे।}[3]

विनियम बनाने व मण्डल का अधिकार

29–– मण्डल, न्यासधारी के अनुमोदन के अधीन रहते हुये, ऐसे विनियम बना सकता है, जो इस अधिनियम, {उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक}[2] के नियमों एवं उपविधियों के उपबन्धों से असंगत न हो और जिनमें निम्नलिखित विषयों में से सभी अथवा किसी की व्यवस्था की गयी हो–––

(क) ऋण–पत्रों की अवधि तथा उन पर देय ब्याज की दर निश्चित करना,

(ख) ऋण–पत्राधारियों को नोटिस देने के पश्चात् ऋण–पत्रों का प्रत्याहरण,

(ग) क्षतिग्रस्त अथवा नष्ट ऋण–पत्रों के स्थान पर नये ऋण–पत्र जारी करना,

(घ) एक वर्ग के ऋण–पत्रों को ऐसे दूसरे वर्ग के ऋण–पत्रों में परिवर्तित करना जिनकी ब्याज की दर भिन्न हों,

(ङ) {ग्राम विकास बैंकों}[3] के बही–खातों तथा कार्यवाहियों का निरीक्षण,

(च) {ग्राम विकास बैंकों}[3] द्वारा अपने व्यवहारों के सम्बन्ध में प्रतिवेदन एवं विवरणियां प्रस्तुत करना,

(छ) {ग्राम विकास बैंकों}[3] और उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी भूमि–विकास बैंक के बीच नियतकालिक लेखा–परिशोधन तथा उन बंधकों पर, जो {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[2] को संक्रमित किये गये हों या धारा 12 के अधीन संक्रमित किये गये समझे गये हों, {ग्राम विकास बैंकों}[3] द्वारा वसूल की गयी धनराशियों का भुगतान,

(ज) वह प्रपत्र निर्दिष्ट करना, जिसमें ऋणों के लिये {ग्राम विकास बैंक}[3] अथवा {उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक}[2] को प्रार्थना–पत्र दिये जायें तथा इस प्रकार के ऋणों के दिये जाने के सम्बन्ध में अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया,

(झ) ऋणों के लिये प्रतिभूति के रूप में प्रस्तुत की गयी सम्पत्तियों का मूल्यांकन,

(ञ) बंधककर्त्ताओं से वसूल की गयी धनराशियों को विनियोजन, तथा

(ट) सामान्यतया कोई ऐसा अन्य विषय, जिसके सम्बन्ध में मण्डल यह समझे कि इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ उपबन्ध बनाये जाने चाहिये :

प्रतिबन्ध यह है कि खंड (झ) के अधीन बनाये गये विनियम राज्य सरकार के अनुमोदन के अधीन होंगे।

नियम बनाने का राज्य सरकार का अधिकार

30–– (1) राज्य सरकार, गजट में प्रकाशन के पश्चात् सामान्यता इस नियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिये नियम बना सकती है, {जिसके अन्त इस अधिनियम के अधीन किसी कार्यवाही के सम्बन्ध में फीस नियत करने का कोई नियम भी है।}[1]

---

1. उ.प्र. अधिनियम संख्या 3, 1979 की धारा 10 द्वारा बढ़ाई गयी।
2. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 19 वर्ष 1994 की धारा 4 (घ) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 5 द्वारा बढ़ाया गया।

(2) विशेषतया तथा उपधारा (1) के अधीन अधिकार की व्यापकता पर प्रभाव डाले बिना राज्य सरकार निम्नलिखित विषयों में से सभी अथवा किसी की व्यवस्था करने के लिये नियम बना सकती है ———

(क) {ग्राम विकास बैंक}[2] को बंधक रखी गयी भूमि की उपज अभिहरण करने तथा उसके विक्रय की प्रक्रिया,

(ख) {ग्राम विकास बैंक}[2] को बंधक रखी गयी सम्पत्ति के विक्रय की प्रक्रिया,

(ग) मण्डल द्वारा जारी किये गये ऋण–पत्रों की सीमा अवधारित करने के लिये धारा 6 की उपधारा (3) के खण्ड (ग) के अधीन प्रतिशत निश्चित करना,

(घ) वे शर्तें निर्धारित करना, जिनके अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा धारा 8 की उपधारा (1) के अधीन दी गयी प्रत्याभूति की अधिकतम धनराशि बढ़ायी, समाप्त, कम या परिष्कृत की जा सकती है,

(ङ) कोई अन्य विषय, जो नियत किया जाना हो अथवा जो नियत किया जाये।

(3) इस धारा के अधीन बनाये गये सभी नियम, बनाये जाने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र, राज्य विधान मण्डल के प्रत्येक सदन के समक्ष, जब उसका सत्र हो रहा हो, उसके एक सत्र या एकाधिक अनुक्रमिक सत्रों में कम से कम कुल चौदह दिन की अवधि पर्यन्त रखे जायेंगे और जब तक कि कोई बाद का दिनांक निर्धारित न किया जाये, गजट के अधीन रहते हुये प्रभावी होंगे, जो विधान–मण्डल के दोनों सदन करने के लिये सहमत हों, किन्तु इस प्रकार का कोई परिष्कार या अभिशून्यन सम्बद्ध नियमों के अधीन पहले की गयी किसी बात की वैधता प्रतिकूल पर प्रभाव न डालेगा।

न्यासधारी तथा अन्य व्यक्ति लोक सेवक होंगे ऐक्ट संख्या 45, 1860

31–– न्यासधारी, निबंधक, या धारा 15 की उपधारा (2) के अधीन सम्पत्ति का अभिहरण और विक्रय करने के लिये निबंधक द्वारा प्राधिकृत कोई व्यक्ति अथवा धारा 21 के अधीन नियुक्त कोई प्रापक, इंडियन पीनल कोड की धारा 21 के अर्थ में लोक सेवक समझे जायेंगे।

लोक सेवक बिकी में बोली न बोलेंगे

32–– धारा 31 में अभिदिष्ट कोई लोक सेवक, इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन बेची गयी चल या अचल सम्पत्ति का न तो क्रय करेगा और न उसमें बोली बोलेगा।

THE UTTAR PRADESH [SAHAKARI GRAM VIKAS BANK][4] ACT, 1964[1]

[U. P. Act No. XVI of 1964]

Amended by U. p. Act, No. 27 of 1978
U. P. Act No: 3 of 1979

[Passed in Hindi by the Uttar Pradesh Legislative Assembly on April 13, 1964 and by the Uttar Pradesh Legislative Council on May 6, 1964.

Received the assent of the President on July 9, 1964 under Article 201 of 'the Constitution of India', and was published in the Uttar Pradesh Gazette Extraordinary dated July 20, 1964]

AN

ACT

to facilitate the working of [Sahakari Gram Vikas Banks][4] in the State of Uttar Pradesh.

Preamble Whereas it is expedient further to facilitate the working of the [Uttar Pradesh Sahakari Gram Vikas Bank][5] and the formation and functioning of [Sahakari Gram Vikas Bank][5] in the State;

IT IS HEREBY enacted in the Fifteenth Year of the Republic of India as follows :-

Short title extent and commencement

1. (1) This Act may be called the [Uttar Pradesh Sahakari Gram Vikas Bank][4] Act, 1964.

(2) It extends to the whole of the State of Uttar Pradesh.

(3) It shall come into force from such date as the State Government may, by notification* in the Gazette appoint In this behalf.

Definitions

2. In this Act unless there is anything repugnant in the subject or context-

(a) "Board" means the Board of Directors of the [Uttar Pradesh Gram Vikas Bank 2][4];

(b) "Bye-laws" means the bye-laws registered under the Co-operative Societies Act, for the time being in force in Uttar Pradesh and includes a registered amendment of the bye-laws;

(c) ["Sahakari Gram Vikas Bank"][4] means a co-operative society registered under the Co-operative Societies Act for the time being in force in Uttar Pradesh, admitted as a member of the State Land Development Bank, and having as its main object the advancement of loans to its members [on the mortgage of or [or on hypothecation of movable property][3], or against the unconditional guarantee of the State Government][2] [generally for agricultural and rural development including construction of dwelling houses in rural areas][3];

---

1. For statement of objects and reasons see Uttar Pradesh Gazette (Extraordinary) dated April 3. 1964.
*The Act came in to force w. e. f. August 15, 1964 vide notification no. 4568 c/XIICA-1150/63 dated August 13, 1964.
2. Substituted by section 2(i) of the U. P. Act 27, 1978.
3. Subs. by section 5 of U.P. Act No. 16 of 1989.
4. Subs. by section 2 of U.P. Act No. 19 of 1994.
5. Subs. by section 3 and 4 ibid.

(d) "Managing Committee" means the governing body of a [Gram Vikas Bank][4] to which the management of its affairs is entrusted;

